# गोल्डन स्पाइक टूर्नामेंट जीतने के बाद भी खुश नहीं है नीरज चोपड़ा



**बैंगलुरू, एजेंसी।**

नीरज चोपड़ा ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक टूर्नामेंट जीतने के बाद भी खुश नहीं हैं। नीरज ने 85.29 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ 9 खिलाड़ियों के बीच खीता अपने नाम किया है। ये वही टूर्नामेंट है जिसे नीरज के कोच और वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर जेन जेलेज्नी ने अपने करियर में 9 बार जीता है। उन्होंने 1986 से 2006 के बीच खिताब हासिल किए।

भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक टूर्नामेंट जीतने के बाद भी खुश नहीं हैं। नीरज ने 85.29 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ 9 खिलाड़ियों के बीच खीता अपने नाम किया है। ये वही टूर्नामेंट है जिसे नीरज के कोच और वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर जेन जेलेज्नी ने अपने करियर में 9 बार जीता है। उन्होंने 1986 से 2006 के बीच खिताब हासिल किए। नीरज ने जीत के बाद कहा कि, मैं अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हूं लेकिन इस बात की खुशी है कि खिताब जीता। मैं बचपन से ये टूर्नामेंट देखा करता था। मैंने जेलेज्नी और उसेन बोल्ट जैसे दिग्गजों को गोल्डन स्पाइक जीतते देखा और मुझे लगता था कि मैं भी एक दिन जीतूंगा। वह सपना सच हो गया है। मुझे पता है कि चेक गणराज्य में भालाफेंक काफी लोकप्रिया है। दर्शकों से हमें अपार समर्थन मिला । काश मैं और बेहतर प्रदर्शन कर पाता।

नीरज ने इस टूर्नामेंट में फाउल के साथ शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने दूसरे प्रयास में 83.45 मीटर का थ्रो किया। दूसरे दौर के बाद नीरज तीसरे स्थान पर थे। तीसरे दौर में 85.29 मीटर के थ्रो के साथ वह शीर्ष पर आए। उनके अगले दो थ्रो 82.17 मीटर और 81.01 मीटर के रहे, जबकि आखिरी थ्रो फाउल रहा। पिछले दो सत्र में वह यहां फिटनेस कारणों से खेल नहीं सके थे।

27 वर्ष के चोपड़ा ने इस सत्र में मई में दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर की बाधा पार करके दूसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद पेरिस डायमंड लीग खिताब जीता। नीरज यहां 2018 में आईएएएफ कांटिनेंटल कप में एशिया प्रशांत टीम का हिस्सा थे और 80.24 मीटर के थ्रो के साथ छठे स्थान पर रहे थे। अब वह बंगलुरू में पांच जुलाई को नीरज चोपड़ा क्लासिक टूर्नामेंट में भाग लेंगे जिसमें पीटर्स और रोहलेर भी खेल रहे हैं।

## इंटर मियामी और पाल्मेरास ने नॉकआउट के लिए किया क्वालीफाई



मंगलवार को इंटर मियामी और पाल्मेरास को 2-2 से ड्रॉ खेला और इसके साथ ही दोनों टीमें फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 के राउंड ऑफ 16 के लिए क्वालीफाई कर गई। पाल्मेरास ने लियोनेल मेसी के लिए एक बेहतरीन जन्मदिन का तोहफा छीन लिया। इंटर मियामी ने ग्रुप ए के अंतिम मैच में 79 मिनट तक बढ़त बनाए रखी, इससे पहले ब्राजीलियाई टीम ने लगातार दो गोल करके ग्रुप में पहला स्थान हासिल किया।इंटर मियामी और पाल्मेरास ने मंगलवार को 2-2 से ड्रॉ खेला और इसके साथ ही दोनों टीमें फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 के राउंड ऑफ 16 के लिए क्वालीफाई कर गई। पाल्मेरास ने लियोनेल मेसी के लिए एक बेहतरीन जन्मदिन का तोहफा छीन लिया। इंटर मियामी ने ग्रुप ए के अंतिम मैच में 79 मिनट तक बढ़त बनाए रखी, इससे पहले ब्राजीलियाई टीम ने लगातार दो गोल करके ग्रुप में पहला स्थान हासिल किया। लुइस सुआरेज द्वारा मिडफील्ड में एक लंबी गेंद को आगे की ओर धकेलने के बाद हेरॉन्स ने बढ़त हासिल कर ली। युवा अर्जेंटीना खिलाड़ी पाल्मेरास के डिफेंडरों को चकमा देते हुए वेवर्टन को पीछे छोड़ते हुए आगे निकल गया।

सुआरेज ने दूसरे हाफ में समय को पीछे की ओर मोड़ दिया, कई डिफेंडरों को चकमा देते हुए गोल दागकर इंटर मियामी की बढ़त को दोगुना कर दिया। लेकिन मैच खत्म होने में दस मिनट बाकी थे, स्थानापन्न पॉलिन्हो और एलन ने मिलकर पेनल्टी एरिया में प्रवेश किया। पॉलिन्हो ने पाल्मेरास के फैंस के सामने गोल दागा,जिससे अंतिम चरण में एक रोमांचक मोड़ आया। समय समाप्त होने के साथ ही पाल्मेरास ने बॉक्स में गेंद फेंकी, जिसे ठीक से क्लीयर नहीं किया गया और स्थानापन्न मौरिसियो के पास गिरी, जिन्होंने बॉक्स के किनारे से गोल दागा, जिससे यात्रा कर रहे फैंस खुशी से झूम उठे। ये हमारे लिए एक बेहतरीन मैच था, साउथ अमेरिका की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के खिलाफ खेलना मुश्किल है।

## ऋषभ पंत और बेन डकेट ने को बड़ा फायदा, गिल ने भी लगाई छलांग

**मुंबई, एजेंसी।**

आईसीसी ने टेस्ट प्लेयर्स की ताजा रैंकिंग जारी की है। भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में दो शतक जड़ने के बाद फायदा हुआ है। वह एक स्थान ऊपर चढ़कर सातवें पर पहुंच गए हैं। पंत के खाते में फिलहाल 801 रेटिंग अंक हैं। ये उनके करियर की बेस्ट रेटिंग है। वह टेस्ट में 800 रेटिंग तक पहुंचने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर हैं।





बुधवार को आईसीसी ने टेस्ट प्लेयर्स की ताजा रैंकिंग जारी की है। भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में दो शतक जड़ने के बाद फायदा हुआ है। वह एक स्थान ऊपर चढ़कर सातवें पर पहुंच गए हैं। पंत के खाते में फिलहाल 801 रेटिंग अंक हैं। ये उनके करियर की बेस्ट रेटिंग है। वह टेस्ट में 800 रेटिंग तक पहुंचने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर हैं। उन्होंने लीड्स टेस्ट की पहली पारी में 134 और दूसरी पारी में 118 रन बनाए थे। वह जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर के बाद एक टेस्ट की दोनों पारियों में सेंचुरी मारने वाले दूसरे विकेटकीपर हैं। वह ये कमाल करने वाले कुल सातवें भारतीय हैं।

भारत के कप्तान शुभमन गिल और इंग्लैंड के ओपनर बेन डकेट ने बल्लेबाजों की सूची में एक जैसी छलांग लगाई है। दोनों को पांच-पांच स्थानों का लाभ मिला है। जहां गिल 20वें जबकि डकेट आठवें पायदान पर पहुंच गए हैं। गिल (147) नेलीड्स की पहली पारी में शतक जमाया था। डकेट ने पहली पारी में अर्धशतक और दूसरी पारी में सेंचुरी ठोकी। उनकी 149 रनों की पारी के दम पर मेजबान इंग्लैंड ने 371 का टारगेट आसानी से चेज कर लिया था। डकेट को प्लेयरऑफ द मैच अवॉर्ड से नवाजा गया। टॉप 10 बल्लेबाजों की रैंकिंग में केवल दो भारतीय हैं। यशस्वी जायसवाल (101) शतक मारने के बावजूद चौथे स्थान से आगे नहीं बढ़े।

## हार के बाद वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंकतालिका में भारत की स्थिति, नंबर-1 बना इंग्लैंड

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

इंग्लैंड ने भारत को 5 विकेट से हरा दिया और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 की अंकतालिका में टॉप पर पहुंच गई। वहीं भारतीय टीम इस अंकतालिका में चौथे नंबर पर है। टीम इंडिया को अपने पहले ही मैच में हार मिली और वो एक भी अंक अर्जित नहीं कर पाई।

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र में भारतीय क्रिकेट टीम अपना पहला टेस्ट सीरीज इंग्लैंड के खिलाफ खेल रही है। इस 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले ही मैच में भारतीय क्रिकेट टीम को इंग्लैंड के हाथों 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा और भारतीय टीम की शुरुआत शुभमन गिल की कप्तानी में खराब हुई।

बेन स्टोक्स की कप्तानी में मेजबान इंग्लैंड ने भारत को 5 विकेट से हरा दिया और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 की अंकतालिका में टॉप पर पहुंच गई। वहीं



भारतीय टीम इस अंकतालिका में चौथे नंबर पर है। टीम इंडिया को अपने पहले ही मैच में हार मिली और वो एक भी अंक अर्जित नहीं कर पाई। लीड्स टेस्ट मैच में भारत ने इंग्लैंड को चौथी पारी में जीत के लिए 371 रन का मुश्किल टारगेट दिया था, लेकिन भारतीय गेंदबाजी काफी खराब रही और इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने मैच के आखिरी दिन जीत के लिए बचे 350 रन के लक्ष्य को आराम से हासिल कर लिया। इंग्लिश टीम ने 5 विकेट पर 373 रन बनाते हुए मैच जीत लिया और भारत को निराशा हाथ लगी।

फिलहाल, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 की अंकतालिका की बात करें तो, भारत के खिलाफ जीत के बाद इंग्लैंड पहले स्थान पर काबिज हो गया है जिसने अपने पहले मैच में जीत से 12 अंक हासिल किए हैं।

## कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच गिरे सोने-चांदी के दाम

**नई दिल्ली।** लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रखते हुए सोमवार को सोने का भाव 300 रुपये टूटकर 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वहीं, चांदी की कीमत भी 1,100 रुपये की गिरावट के साथ 1,03,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। कमजोर वैश्विक रुख के बीच स्टॉकिस्टों की लगातार बिकवाली के बाद सोने-चांदी के भाव में नरमी देखी गई। बुधवार को राजधानी दिल्ली में सोने का भाव 300 रुपये टूटकर 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 250 रुपए की गिरावट के साथ 98,050 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। वहीं, चांदी की कीमत भी 1,100 रुपये की गिरावट के साथ 1,03,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। विदेशी बाजारों में हाजिर सोना मामूली गिरावट के साथ 3,322.56 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि ईरान और इस्राइल के बीच युद्ध विराम की घोषणा के बाद भू-राजनीतिक चिंताओं के कम होने से सुरक्षित निवेश की मांग कम हो गई। इससे सोने की कीमतें दो सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गईं। एलकेपी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट रिसर्च एनालिस्ट जतीन त्रिवेदी ने कहा कि निवेशक अगले प्रमुख कारकों की प्रतीक्षा करेंगे। इसमें अमेरिकी फेडरल बैंक के चेयरमैन जेरोम पॉवेल की गवाही।

### 1.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 68.01 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया

## रुपया शुरुआती कारोबार में 13 पैसे की बढ़त के साथ 85.92 प्रति डॉलर पर

**मुंबई, एजेंसी।**

इजराइल और ईरान के बीच तनाव समाप्त होने की उम्मीद तथा घरेलू शेयर बाजारों की मजबूत शुरुआत के बीच रुपया बुधवार को शुरुआती कारोबार में 13 पैसे की बढ़त के साथ 85.92 प्रति डॉलर पर पहुंच गया।


विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और विदेशी पूंजी की निकासी ने हालांकि स्थानीय मुद्रा के लाभ को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.00 प्रति डॉलर पर खुला। फिर 85.92 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 13 पैसे की बढ़त दर्शाता है।रुपया मंगलवार को करीब पांच साल में सबसे अधिक एकल दिवसीय बढ़त दर्ज करते हुए 73 पैसे चढ़कर 86.05 पर बंद हुआ था। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 1.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 68.01 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 97.91 पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 426.79 अंक चढ़कर 82,481.90 अंक पर पहुंच



गया जबकि निफ्टी 123.25 अंक की बढ़त के साथ 25,167.60 अंक पर रहा।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) मंगलवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 5,266.01 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## सेंसेक्स, निफ्टी में शुरुआती कारोबार में तेजी




**मुंबई, एजेंसी।**

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, हांगकांग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट फायदे में रहे जबकि जापान का निक्की 225 में मामूली गिरावट दर्ज की गई।

ईरान और इजराइल के बीच युद्ध विराम के बाद पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेतों के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच सेंसेक्स और निफ्टी में बुधवार को शुरुआती कारोबार में तेजी दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 426.79 अंक चढ़कर 82,481.90 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 123.25 अंक की बढ़त के साथ 25,167.60 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से टाइटन, एचसीएल टेक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर और टाटा स्टील के शेयर सबसे ज्यादा लाभ में रहे।

कोटक महिंद्रा बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर नुकसान में रहे। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, हांगकांग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट फायदे में रहे जबकि जापान का निक्की 225 में मामूली गिरावट दर्ज की गई। अमेरिकी बाजार मंगलवार को सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे।

## भारत में करोड़पतियों की संख्या में भारी उछाल, 2029 तक 55प्रतिशत वृद्धि का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

बॉस्टन कंसल्टिंग ग्रुप की रिपोर्ट के अनुसार भारत में करोड़पतियों की संख्या में भारी उछाल होने की संभावना है। 2029 तक इसमें 55 प्रतिशत वृद्धि होने का अनुमान है। यह दर वैश्विक औसत 21 प्रतिशत से कहीं अधिक है।भारत में करोड़पतियों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। बॉस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) की एक हालिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2024 से 2029 के बीच करोड़पतियों की संख्या में 55 प्रतिशत की बढ़ोतरी की संभावना है। यह दर वैश्विक औसत 21 प्रतिशत से कहीं अधिक है। ऐसे लोग जिनके पास एक मिलियन डॉलर यानी लगभग 8.3 करोड़ रुपये या उससे अधिक की निवेश योग्य संपत्ति है, उन्हें इस श्रेणी में रखा जता है।

### एशिया प्रशांत यूरोपीय देशों से आगे

बीसीजी के प्रबंध निदेशक मयंक झा ने कहा कि 2014 से 2024 तक क्षेत्रवार जैविक वृद्धि में भारी अंतर रहा। एशिया प्रशांत क्षेत्र में संपत्ति प्रबंधकों ने 50 प्रतिशत की दर हासिल की है। यह यूरोप, पश्चिम एशिया और अफ्रीका (ईएमईए) और उत्तरी अमेरिका की तुलना में दोगुनी से भी अधिक है। इसे निर्णायक रूप से भारत जैसे उभरते बाजारों से बढ़ावा मिला है। झा ने कहा कि पहली बार संपत्ति बनाने वालों, खासतौर पर मिलेनियल उद्यमियों और कॉर्पोरेट नेताओं की पीढ़िगत लहर उद्योग को नया आकार दे रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और जनरेटिव एआई संपत्ति प्रबंधन के हर पहलू ग्राहक पहचान, सेवा, और सलाह में निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं।

### वित्तीय परिसंपत्तियों में हुई 8.1 प्रतिशत की वृद्धि

वैश्विक वित्तयी संपत्ति 2024 में रिकॉर्ड 305 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ गया। यह मजबूत इक्विटी बाजार प्रदर्शन के बीच वित्तीय परिसंपत्तियों में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि से प्रेरित है। बीसीजी के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत की वित्तीय संपत्ति में 10.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जो एशिया-प्रशांत क्षेत्र के औसत 7.3 प्रतिशत से अधिक है। एशिया-प्रशांत में 2029 तक 9 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि होने का अनुमान है।

